जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

टाईम–लिमिट बैठक हेतु कार्य–विवरण

दिनांकः 17/11/2017

आज दिनांक 17–11–2017 को 10:30 बजे भण्डारकर कक्ष मे माननीय कुलाधिसचिव जी की अध्यक्षता में टाईम लिमिट की बैठक में निम्नांकित निर्णय लिये गये–

1. कुलसचिव महोदय द्वारा बैठक में संबंधित पदाधिकारियों की अल्प उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये अप्रसन्नता व्यक्त की तथा यह निर्देशित किया कि, भविष्य में समस्त पदाधिकारी बैठक में उचित समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें। निर्धारित समय पर बैठक हेतु उपस्थित न होने पर कोई भी पदाधिकारी विलम्ब से बैठक में उपस्थित न हो। बैठक में उपस्थित न होने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्ताव माननीय कुलपति जी के संज्ञान में लाया जावेगा।

2. विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन लगाने के संदर्भ में कुलसचिव जी द्वारा चाही गई प्रगति के संदर्भ में श्री प्रदीप शर्मा द्वारा बताया गया कि, श्री संजय बरथरिया, आई0टी0 इंचार्ज द्वारा मशीन लगाने संबंधी प्रस्ताव आमंत्रित कर लिया गया है। जिसके अनुसार प्रति मशीन की दर रूपये 70,000/– (कर अतिरिक्त) होगी यदि विश्वविद्यालय में लगभग 10 मशीन (3 मशीन प्रशासनिक भवन में, 1 विज्ञान ब्लॉक, 1 पुस्तकालय भवन, 1 दूरस्थ शिक्षण संस्थान, 1 वाणिज्य संस्थान, 1 कम्प्यूटर सेन्टर, 1 विधि संस्थान एवं 1 परीक्षा भवन) लगायी जाती है तो इसका अनुमानित व्यय रूपये 9,00,000/–(नौ लाख रूपये) आयेगा।

3. प्रशासनिक भवन में लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय यंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया जिस पर वित्त नियंत्रक महोदय द्वारा टिप्पणी की गई कि, प्रस्ताव छः लोगों के भार वहन की क्षमता की लिफ्ट के लिये प्रस्तुत किया जाये।

4. कुलसचिव महोदय द्वारा की गई प्रच्क्षा के संबंध में श्री प्रदीप शर्मा द्वारा बताया गया कि, सूचना के अधिकार संबंधी समस्त आवेदनों के जबाव भेजे जा रहे हैं तथापि संबंधित विभागों की ओर से जानकारी निर्धारित समय–सीमा में प्राप्त न होने के कारण जबाव विलम्ब से आवेदनकर्ता की ओर प्रेषित किये जाते है। इस संबंध में कुलसचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि, प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करें कि, सूचना अधिकार संबंधी प्रकरणों का निराकरण अधिकतम 5 दिवस की समय–सीमा में प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत रूचि लेकर किया जाये तथा विभागों की ओर से जानकारी प्राप्त करने संबंधी तिथि का उल्लेख अनिवार्य रूप से प्रत्युत्तर तैयार करते समय संबंधित पत्रावलि में किया जावे।

5. महासभा चुनाव के संदर्भ में श्री प्रदीप शर्मा द्वारा बताया गया कि;–

   अ) कर्मचारी संवर्ग के चुनाव हेतु मतदाता सूची तैयार है।

क्रमशः.........2

ब) शिक्षक संवर्ग के चुनाव हेतु 93 महाविद्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूची प्राविधिक मतदाता सूची तैयार है।

स) पंजीकृत स्नातक संवर्ग हेतु प्राप्त लगभग 25,800/— आवेदनों की समीक्षा उपरान्त लगभग 5,000/— आवेदन विवादास्पद श्रेणी में है।

उक्त जानकारी को दृष्टिगत रखते हुये कुलसचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि;—

अ) कर्मचारी संवर्ग की सूची ऑनलाईन की जावे।

ब) शिक्षक संवर्ग हेतु जानकारी प्राप्त करने के लिये एक पत्र शेष महाविद्यालयों की ओर भेजते हुये शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जावे तथा इस संबंध में विकास विभाग में वरिष्ठता सूची के लिये प्राप्त जानकारी से श्री अरूण सिंह चौहान एवं श्री प्रदीप शर्मा मिलान कर लें ताकि उचित संख्या में मतदाता सूची को सम्मिलित किया जा सके।

स) स्नातक संवर्ग के लिये भी सूची आगामी सप्ताह में विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर प्रदर्शित कर दावे—आपत्तियॉ आमंत्रित की जावे ताकि शीघ्र ही चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सके।

उक्त संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि, डॉ0 आई0के0 मंसूरी, उप—कुलसचिव एवं श्री प्रदीप शर्मा, सांख्यिकीय अधिकारी कुलाधिसचिव से चर्चा कर माननीय कुलपति जी को वस्तुस्थिति से अवगत करावे और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करें।

6. प्रत्येक विभाग बैठक आयोजित करने संबंधी विवरण संधारित करें ताकि सत्कार व्यय को युक्तियुक्त किया जा सके।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव पारित कर बैठक संपन्न हुई।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/अनुभाग अधिकारियों की ओर इस निर्देश के साथ कि, उक्त बैठक में लिये गये निर्णयों पर शीघ्र ही क्रियान्वयन कर आगामी बैठक में सूचित किया जावे।
3. श्री संजय बरथरिया, आई0टी0 सैल, प्रभारी की ओर इस निर्देश के साथ कि, उक्त कार्य—विवरण को आज दिनांक को ही विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड कर सचिव, टाईम लिमिट को सूचित करें।
4. पत्रावली हेतु ।

सचिव
टाईम लिमिट